RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 258 | नागौर, 26 अगस्त, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## आबकारी नीति को लेकर केजरीवाल पर भाजपा ने फिर साधा निशाना, सवालों से बचने का लगाया आरोप

नई दिल्ली



दिल्ली में आबकारी नीति को लेकर संग्राम जारी है। भाजपा जबरदस्त तरीके से अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ हमलावर है। इतना ही नहीं, भाजपा की ओर से लगातार सवाल पूछे जा रहे हैं और केजरीवाल से उसके जवाब ही मांगे जा रहे हैं। भाजपा केजरीवाल पर सवालों का जवाब नहीं देने और उससे बचने का आरोप लगा रही है। इन सब के बीच एक बार फिर से भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने जबरदस्त तरीके से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार पर निशाना साधा। सुधांशु त्रिवेदी ने साफ तौर पर कहा कि हम आबकारी नीति पर सटीक जवाब की मांग कर रहे हैं लेकिन वे लगातार ध्यान भटकाने का नाटक कर रहे हैं। हम आम आदमी पार्टी से तीखे सवाल पूछ रहे हैं लेकिन वह चुप रहे हैं और सवालों से बच रहे हैं।

## जयपुर में महिला के साथ पांच युवकों ने किया गैंगरेप

जयपुर।

राजधानी जयपुर में दुष्कर्म की एक शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है. पति के लिए खाना लेने जा रही महिला के साथ पांच आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है. घटना रेलवे देर रात रेलवे पटरियों के पास की बताई जा रही है. सूचना पर पुलिस अधिकारी और स्नस्रुकी टीम मौके पर पहुंची. उसके बाद आरोपियों की तलाश जारी है.

मिली जानकारी के अनुसार महिला पति के लिए खाना लेने के लिए रेलवे स्टेशन से बाहर निकली थी. इस दौरान महिला ने रेलवे स्टेशन के बाहर मिले युवकों से रेस्टोरेंट के बारे में पूछा. इस पर रेस्टोरेंट की ओर ले जाने का झांसा देकर बदमाश पीड़िता को रेलवे यार्ड की तरफ ले गए और वहां सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया. आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए.

वारदात को अंजाम देने के बाद पाचों बदमाश पीड़िता को बदहवास हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए. इसके बाद पीड़िता ने बदहवास हालत में थाने पहुंच कर पूरी वारदात के बारे में बताया. पुलिस ने रेलवे यार्ड और आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश भी की लेकिन उनका कहीं भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा. पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं गुरुवार सुबह पीड़िता का मेडिकल करवाया है. पुलिस रेलवे स्टेशन के बाहर और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है.

## जयपुर में फायरिंग कर ज्वेलर से सोना-चांदी लूटी

### 14 किलो चांदी,140 ग्राम सोने के आभूषण लूटे, बाइक आए बदमाश

जयपुर।

जयपुर के शिवदासपुरा थाना इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने ज्वैलर पर फायरिंग कर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लूट ली। पीड़ित राम नारायण शर्मा ने इस संबंध में तत्काल प्रभाव से पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। इसके बाद शिवदासपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लुटेरे अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पीड़ित ने बताया कि प्रताप नगर में लक्ष्मी आभूषण भंडार के नाम से ज्वेलरी की दुकान चलाता है। रात 8:00 बजे दुकान मंगल कर वह ज्वेलरी का करीब 14 किलो के चांदी के आभूषण और 140 ग्राम सोने के आभूषण बैग में रख कर अपने घर चाकसू जा रहा था। इस दौरान उसका भतीजा कमल भी उसके साथ बाइक पर था। शिवदासपुरा के बाड़ा पदमपुरा रोड पर 3 किलोमीटर चलने के बाद बाइक पर आए तीन बदमाशों ने पहले उनकी बाइक रुकआने का प्रयास किया। पीड़ित ने बाइक नहीं रोकी तो इन बदमाशों ने ओवरटेक कर बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। आरोपियों की बाइक पर कोई भी नंबर नहीं लिखा हुआ था।

बदमाशों ने पहले रामनारायण और कमल के साथ मारपीट की और इनका बैग छीनने का प्रयास किया। रामनारायण ने बैग नहीं दिया तो एक बदमाश ने रामनारायण पर हवाई फायर किया उसके बाद भी रामनारायण ने बैग नहीं दिया तो दूसरे बदमाश ने रामनारायण के कंधे के पास फायर कर दिया। बंदूक की गोली रामनारायण के कंधे को टच करती हुई निकल गई जिसके बाद रामनारायण ने 14 किलो चांदी और 140 ग्राम सोने के आभूषण इन बदमाशों को दे दिए। बदमाशों ने जाते समय भी पीड़ित के जेब में रखे हुए 13हजार रुपए जबरन निकाल लिए। पीड़ित की रिपोर्ट पर शिवदासपुरा थाना पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

## बीजेपी विधायक टी राजा सिंह फिर गिरफ्तार, पैगंबर पर की थी विवादित टिप्पणी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक टी राजा सिंह को एक धर्म विशेष के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के आरोप में एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। तेलंगाना पुलिस ने निलंबित भाजपा नेता टी राजा सिंह को हैदराबाद में उनके आवास से पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी के लिए गिरफ्तार किया। नेता के कथित बयान के लिए 23 अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। निलंबित भाजपा विधायक टी राजा सिंह को मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद देर शाम कोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया था। बीजेपी विधायक ने स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी और धर्म विशेष की आलोचना करते हुए एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में सिंह कथित तौर पर विवादित टिप्पणी करते दिख रहे हैं। टी राजा सिंह तेलुगु देशम पार्टी के सदस्य थे।

# लेबर कानून को रिफॉर्म कर रहा देश, पीएम मोदी बोले कानूनों को 4 सरल लेबर कोड्स में बदला गया

नयी दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों के राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी सोच के साथ देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जैसे अनेक प्रयासों ने श्रमिकों को एक तरह का सुरक्षा कवच दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाओं की वजह से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के मन में ये भाव जगा है कि देश उनके श्रम का भी उतना ही सम्मान करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि जैसे जरूरत के समय देश ने अपने श्रमिकों का साथ दिया, वैसे ही इस महामारी से उबरने में श्रमिकों ने भी पूरी शक्ति लगा दी है। आज भारत फिर से दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ कर रही अर्थव्यवस्था बना है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय हमारे श्रमिकों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि देश के हर श्रमिक को सामजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए किस तरह काम हो रहा है उसका एक उदाहरण ई-श्रम पोर्टल भी है। ये पोर्टल पिछले वर्ष शुरू किया गया था ताकि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आधार से जुड़ा नेशनल डेटाबेस बन सके। एक वर्ष में ही इस पोर्टल से 400 अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले करीब 28 करोड़ श्रमिक जुड़ चुके हैं।






**लेबर कानूनों को रिफॉर्म कर रहा देश-**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 8 वर्षों में हमने देश में गुलामी के दौर के और गुलामी की मानसिकता वाले कानूनों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। देश अब ऐसे लेबर कानूनों को बदल रहा है, रिफॉर्म कर रहा है, उन्हें सरल बना रहा है। इसी सोच से 29 लेबर कानूनों को 4 सरल लेबर कोड्स में बदला गया है। उन्होंने कहा कि देश का श्रम मंत्रालय अमृतकाल में वर्ष 2047 के लिए अपना विजन भी तैयार कर रहा है। भविष्य की जरूरत है- लचीला कार्यस्थल, घर से काम करने वाला पारिस्थितिकी तंत्र। भविष्य की जरूरत है- फ्लेक्सी काम के घंटे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम लचीला कार्यस्थल जैसी व्यवस्थाओं को महिला श्रमशक्ति की भागीदारी के लिए अवसर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इस 15 अगस्त को लाल किले से मैंने देश की नारीशक्ति की संपूर्ण भागीदारी का आह्वान किया है।

# राजस्थान में बारिश से तबाही

## रिकॉर्ड बरसात से कॉलोनियां डूबीं

## मुख्यमंत्री गहलोत ने किया हवाई सर्वे

कोटा।

36 साल पहले...कोटा को सबसे बड़ी बाढ़ का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2019 और अब तीन साल बाद भारी बारिश ने शहरवासियों को फिर से 1986 वाली त्रासदी याद दिला दी है। पिछले दो से तीन दिनों में बरसात ऐसी तबाही लेकर आई कि 6 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। चंबल नदी पहली बार इस तरह उफनी है। अपना किनारा छोड़कर उसका पानी शहर में घुस आया। बेघर हुए लोगों का रेस्क्यू कर शेल्टर होम में शिफ्ट किया गया। पहली बार कोटा संभाग में बारिश की तबाही का हेलिकॉप्टर से वीडियो भी आया है।

10 से ज्यादा कस्बों में पानी-पानी ही नजर आ रहा है। कापरेन, अंता, सीसवाली, बारां, अकलेरा, अटरु, छबड़ा, रायपुर, पाटन, झालावाड़ सहित कई गांव पानी में डूबे दिखे। यहां कालीसिंध और पार्वती नदियों की बाढ़ ने और संकट खड़ा कर दिया है।

### राजस्थान में इस बार टूटा बारिश का रिकॉर्ड

प्रदेश में इस बार बारिश का रिकॉर्ड टूटा है। आमतौर पर 24 अगस्त तक राजस्थान में 428.65 एमएम बारिश होती है, लेकिन अब तक 582.74 एमएम बारिश हो चुकी है। राज्यभर में अब तक 154 एमएम बारिश ज्यादा हुई है। प्रदेश के राज्य के 716 छोटे-बड़े बांधों में करीब अस्सी फीसदी पानी आ चुका है। इनमें कुछ ऐसे भी है, जिसमें सौ फीसदी या फिर नब्बे फीसदी से ज्यादा पानी है।



### मुख्यमंत्री ने किया बाढ़ ग्रस्त ईलाकों का हवाई सर्वे

सीएम अशोक गहलोत पहुंचे कोटा, कोटा एयरपोर्ट पर मंत्री गण एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात उसके बाद फिर मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी और मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से कोटा के आसपस बाढ़ ग्रस्त इलाकों का मंत्री गण के साथ हवाई सर्वे किया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाड़ौती संभाग में बारिश प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। सीएम सुबह हेलीकॉप्टर से जयपुर से रवाना होकर बूंदी जिले में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उसके बाद साढ़े कोटा पहुचे। यहां बारिश प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आमजन से की मुलाकात । अंता,दीगोद में बारिश प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर आमजन से मुलाकात की इसके बाद अटरू कवाई, छीपाबड़ौद छबड़ा व झालावाड़ जिले में बारिश प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। शाम 4 बजे झालावाड़ पहुंचकर आमजन से मुलाकात करेंगे। कोटा के एयरपोर्ट पर यूडीएच



मंत्री शांति धारीवाल ने की अगवानी,प्रभारी मंत्री परसादी लाल मीणा , मंत्री प्रमोद जैन भाया विधायक भरत सिंह खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के वाइस चेयरमैन पंकज मेहता कांग्रेस नेता अमित धारीवाल जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, पूनम गोयल शिवाकांत नदवाना राजेंद्र सांखला जफर मोहम्मद, महापौर राजीव अग्रवाल उपमहापौर पवन मीणा महापौर मंजू मेहरा सहित कांग्रेस पदाधिकारियों से की सीएम गहलोत ने मुलाकात, हाडोती के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सीएम ने हवाई झहाज से किया।

## पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## कमेटी ने रिपोर्ट में कहा- जासूसी की जांच में केंद्र नहीं कर रहा सहयोग; सीजेआई बोले- रिपोर्ट देखनी पड़ेगी

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में गुरुवार को पेगासस जासूसी केस में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई कमेटी ने बताया कि उन्हें जासूसी के शक में 29 फोन दिए गए थे, जिनमें से 5 फोन में मालवेयर मिला, लेकिन वो पेगासस था, ये कन्फर्म नहीं कहा जा सकता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि केस में केंद्र सरकार की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि रिपोर्ट बड़ी है और इसे पढ़ने में वक्त लगेगा, इसलिए अगली सुनवाई सितंबर के आखिरी हफ्ते में होगी।

### एनवाईटी का खुलासा- भारत ने 2017 में इजराइल से खरीदा था स्पाईवेयर

भारत सरकार ने 2017 में इजराइली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को पांच साल पहले की गई 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपए) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डिफेंस डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में किया था।



### सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबर को बनाई गई थी कमेटी

जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्टूबर 2021 को एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आर वी रवींद्रन इसके अध्यक्ष बनाए गए थे। कमेटी गठित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हर किसी की प्राइवेसी की रक्षा होनी चाहिए। कमेटी में अध्यक्ष जस्टिस रवींद्रन के साथ पूर्व आईपीएस अफसर आलोक जोशी और डॉक्टर संदीप ओबेरॉय शामिल हैं। डॉक्टर ओबेरॉय इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टैंडर्डाइजेशन से जुड़े हैं। इस मामले में कई पत्रकारों और एक्टिविस्ट्स ने अर्जियां दायर की थीं। इनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की निगरानी में जांच करवाई जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा है था कि हर किसी की प्राइवेसी की रक्षा होनी चाहिए।

## समंदर में दुश्मनों को कड़ी टक्कर देगा आईएनएस विक्रांत

नई दिल्ली।

भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रान्त पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। इसे अगले महीने भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा जिससे आने वाले समय में नौसेना की समुद्री ताकत कई गुना अधिक बढ़ जाएगी। भारतीय नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस. एन. घोरमडे ने बताया कि इसके उपकरणों का निर्माण देश के 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ है जिनमें अंबाला, दमन, कोलकाता, जालंधर, कोटा, पुणे और नई दिल्ली शामिल हैं। मालूम हो कि आईएएनएस विक्रांत एक विशालकाय जहाज है। यह पूरी तरह से स्वदेशी है। अब यह समुद्री

### 2 सितंबर से बढ़ाएगा भारतीय नौसेना की शान

मोर्चे पर दुश्मनों का कड़ा मुकाबला करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को नौसेना को आईएनएस विक्रांत सौपेंगे।

एडमिरल घोरमडे ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में हमें अपनी ताकत को इस स्तर तक ले जाना चाहिए जो एक निवारक के रूप में काम करें यानि कि जो दुश्मनों का बेहतरी से मुकाबला कर सके। इसके लिए आईएनएस विक्रांत का निर्माण किया गया है और इसे तेजी से उपलब्ध कराने के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं और यही वजह है कि आईएनएस विक्रांत झटपट बनकर तैयार हो गया है। एडमिरल घोरमडे आगे कहते हैं, भारत के अब




तक के सबसे बड़े युद्धपोत आईएनएस विक्रांत में करीब 2,500 किलोमीटर का केबल लगाया गया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। भारतीय नौसेना, डीआरडीओ और भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) के बीच साझेदारी के माध्यम से जहाज के लिए स्वदेशी युद्धपोत ग्रेड स्टील का निर्माण किया गया है जिससे इसे काफी मजबूती मिले। बाद में इसका निर्यात अन्य देशों में भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, युद्धपोत को लड़ाकू विमान को संचालित करने के मकसद से बनाया गया है। लेकिन अब इसकी मदद से टीईडीबीएफ को भी संचालित किया जा सकेगा जिसके लिए डीआरडीओ के साथ काम जारी है। राफेल विमान और एफ-18 के संचालन के लिए भी आगे परीक्षण किया जाएगा।

## भूपेंद्र सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाए गए यूपी भाजपा के अध्यक्ष, स्वतंत्र देव सिंह की लेंगे जगह

नई दिल्ली।



उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह होंगे। भूपेंद्र सिंह फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज्य मंत्री हैं। पिछले कई दिनों से उत्तर प्रदेश में नए भाजपा अध्यक्ष को लेकर नामों की चर्चा जारी थी। हालांकि, आज भाजपा की ओर से इस बात की घोषणा कर दी गई कि भूपेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश में पार्टी के अध्यक्ष होंगे। 2024 चुनाव से पहले भूपेंद्र सिंह के लिए इसे बड़ी जिम्मेदारी मानी जा रही है। भाजपा उत्तर प्रदेश में 75 प्लस के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में भूपेंद्र सिंह के ऊपर बड़ी चुनौती है। भूपेंद्र सिंह जमीन से जुड़े नेता हैं और संघर्ष करना भी जानते हैं। भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा का ने बड़ा दांव खेला है। भूपेंद्र सिंह जाट समुदाय से आते हैं। 2024 के लिहाज से जाटों का वोट काफी मायने रखता है और यही कारण है कि उन्हें इस भारत में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

## सम्पादकीय

# बदजुबान नेता

**पैगंबर** मोहम्मद पर भाजपा की नेता नूपुर शर्मा की टिप्पणी से भड़का विवाद शांत हुए अभी दो महीने भी नहीं बीते कि अब तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा ने ऐसी ही हरकत कर माहौल बिगाड़ दिया। राजा ने सोमवार को हैदराबाद में एक वीडियो जारी किया था और उसमें इससे संबंधित आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। जाहिर है, इस वीडियो के चर्चा में आने के बाद दूसरे समुदाय में उग्र प्रतिक्रिया होनी ही थी। लोग भड़क उठे। हैदराबाद शहर में जगह-जगह प्रदर्शन हुए। मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने मंगलवार को राजा को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अदालत ने उन्हें तत्काल जमानत पर छोड़ दिया। उधर, भारतीय जनता पार्टी ने राजा को पार्टी से निलंबित कर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह ऐसे नेताओं को बर्दाश्त नहीं करेगी जो अपने जहरीले बयानों से पार्टी की छवि खराब रहे हैं। यह घटना बता रही है कि एक दूसरे के धर्मों के खिलाफ टीका-टिप्पणी और आपत्तिजनक बातें करने की घातक प्रवृत्ति हमारे नेताओं का हिस्सा बन चुकी है।

हैरानी और दुख की बात तो यह है कि आखिर हमारे नेता इस बात को क्यों नहीं समझ रहे हैं कि उनकी बदजुबानी समाज को बांट रही है और इससे अशांति और टकराव के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हो रहा। दो महीने पहले ही हमने देखा कि नूपुर शर्मा की आपत्तिजनक टिप्पणियों से जो प्रतिक्रियाएं हुईं, उसका नतीजा राजस्थान के उदयपुर एक व्यक्ति की हत्या और फिर महाराष्ट्र के अमरावती में एक दवा विक्रेता की हत्या के रूप में सामने आया। ऐसी अमर्यादित और भड़काऊ टिप्पणियों पर सर्वोच्च अदालत ने भी गहरी नाराजगी जताई थी।

इसके बाद भी अगर राजा ने भड़काऊ बातों वाला वीडियो जारी करने का दुस्साहस किया तो निश्चित ही इसके पीछे उनके मन सुरक्षा का कोई न कोई ऐसा भाव रहा होगा जिसकी वजह से वे ऐसा करने में जरा नहीं हिचकिचाए। हालांकि राजा ने यह विवादित वीडियो हास्य कलाकार मुनव्वर राणा के एक कार्यक्रम के विरोध में बनाने की बात कही, जिसमें हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल टी राजा विवादित बयानों के जरिए सुर्खियां बटोरने और लोगों को भड़काने के काम कोई आज से नहीं कर रहे। साल 2017 में उन्होंने हैदराबाद को मिनी पाकिस्तान तक कह दिया था। 2018 में उन्होंने भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को देश नहीं छोड़ने पर गोलियों से उड़ा देने की बात कही थी। इस साल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने धमकी दे डाली थी कि भाजपा को वोट नहीं देने वालों के घर पर बुलडोजर चलवा दिया जाएगा।

विडंबना यह है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद पार्टी ने या सरकार ने या चुनाव आयोग ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। सवाल है कि नेताओं की बदजुबानी पर लगाम कैसे लगे? जानते-बूझते भी आखिर क्यों ऐसे नेता इस तरह की बातें करते हैं जो लोगों को हिंसा के लिए उकसाती हैं? चुनावों के दौरान तो अक्सर देखने में आता है कि छोटे-बड़े सभी नेता शर्म-लिहाज भूल जाते हैं और एक दूसरे के धर्मों को नीचा दिखाने में जरा संकोच नहीं करते। बड़ों का ऐसा गरिमाहीन आचरण ही छोटों का मनोबल बढ़ाता है। लेकिन दुख की बात है कि बदजुबानी करने वाले ऐसे किसी नेता या देवी-देवताओं का मखौल उड़ाने वालों के खिलाफ आज तक ऐसी कोई सख्त कार्रवाई होती नहीं दिखी जो मिसाल बनी हो।

# बंजर होती जमीन के खतरे

**खेती-किसानी में रासायनिक खाद का इस्तेमाल कब शुरू हुआ, इसका इतिहास शायद ही कोई जानता हो। माना जाता है कि सबसे पहले सन 1840 के आसपास जर्मन वैज्ञानिक लिबिक ने खेती में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश के उपयोग की बात दुनिया के सामने रखी थी। बाद में दुनिया के तमाम कृषि वैज्ञानिकों ने उनके शोध को स्वीकारा। लिबिक ने कहा था कि अगर नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) की खाद बना कर खेतों में डाली जाए तो इससे फसलें तेजी से बढ़ सकती हैं। इस नए प्रयोग को दुनिया भर के किसानों ने अपनाया। लेकिन इसके लगातार इस्तेमाल ने मिट्टी की उर्वरता तो घटा ही दी, बल्कि करोड़ों हेक्टेयर जमीन को भी बंजर बना डाला। दुनिया भर में रेगिस्तानी क्षेत्र तेजी से फैल रहे हैं। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती जा रही है। ऐसे में निर्जन रेगिस्तान में जीवन कैसे वापस लाया जाए, यह एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। मृदा वैज्ञानिकों के मुताबिक मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट के चार बड़े कारण हैं। इनमें तेजी से होता औद्योगिकीकरण, कृषि में पानी का अत्यधिक इस्तेमाल, मवेशियों के लिए चरागाहों का जरूरत से ज्यादा दोहन और सूखे की बढ़ती मियाद।**

**केंद्र** सरकार ने मृदा क्षरण रोकने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए हैं। इसके अलावा मृदा संरक्षण के दूसरे अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन अगर किसान भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए पहल नहीं करेगा तो ये सारे अभियान सफल नहीं हो पाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि जिन कारणों से जमीन बंजर हो रही है, उन कारणों पर गौर किया जाए और जमीन की उर्वरता बढ़ाई जाए। आंकड़े बताते हैं कि रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल से उर्वर और हरे-भरे भूमि क्षेत्र भी बंजर इलाकों में तब्दील होकर दुनियाभर में करीब एक अरब लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन चुके हैं। इसकी वजह से लाखों जैविक और वनस्पति प्रजातियों का जीवन भी खतरे में पड़ गया है। पेड़-पौधों की कई प्रजातियों का तो हमेशा के लिए खात्मा हो चुका है। करोड़ों लोग जो खेती-बागवानी के जरिए जिंदगी बसर कर रहे थे, उन्हें पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। आकलन बताते हैं कि इस सदी के मध्य तक धरती की एक चौथाई मिट्टी मरुस्थलीकरण से प्रभावित होगी। यह एक चिंताजनक पहलू है, लेकिन हालात और बिगड़ने के पहले ही स्थिति को संभालने के लिए यदि आगे आया जाए, तो इस विकट संकट से बचा जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारी मात्रा में बचे गोला-बारूद की रायायनिक सामग्रियों को एनपीके खाद और कीटनाशक बना कर बेचने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने दुनिया भर में नया कारोबार खड़ा कर लिया था। इस कारोबार में कंपनियों को भारी मुनाफा होने लगा था और बाजार में इनकी जड़ें भी मजबूत हो चली थीं। ज्यादातर किसान इन कंपनियों द्वारा बनाई खादों पर इस कदर निर्भर होते गए कि इन खादों के बिना कोई फसल उगाते ही नहीं। भारत और एशियाई देशों में औद्योगिक क्रांति के बाद हरित क्रांति की शुरुआत हुई। खाद और कीटनाशकों का कारोबार करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि बेहतर उपज लेने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल जरूरी है। इसके बाद देश के छोटे-बड़े किसान कीटनाशकों का इस्तेमाल इस कदर करने लगे कि जमीन की उर्वरता पर इसका बुरा असर पड़ने लगा। आज हालत यह है कि देश के लाखों किसानों की जमीन की उर्वरता इतनी कम हो गई है कि बिना बड़ी मात्रा में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के कोई भी फसल होती ही नहीं। कृषि वैज्ञानिक भी मानते हैं कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग कई तरह की समस्याएं पैदा करता है। जमीन में जो जहरीलापन बढ़ता जा रहा है, वह कई बीमारियों का कारण बन रहा है। इससे मिट्टी में पाए जाने वाले तत्त्वों का संतुलन भी बिगड़ गया है। इससे किसान नई-नई समस्याओं से घिरते जा रहे हैं। अब केंद्र सरकार ने नीम के लेप वाली यूरिया को रासायनिक खाद का विकल्प बताया है। लेकिन इस संबंध में यह जानना जरूरी है कि इसके इस्तेमाल से मिट्टी और जीव-जंतुओं पर कितना बुरा असर पड़ रहा है।

मिट्टी को लेकर हुए तमाम शोधों से यह सामने आया है कि इसमें नाइट्रोजन, पोटेशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, कार्बन, आक्सीजन और हाइड्रोजन थोड़ी मात्रा में रहना चाहिए। लेकिन न्यून



मात्रा में इसमें लोहा, गंधक, सिलिका, क्लोरीन, मैगनीज, जिंक, कोबाल्ट, मोलिब्डेनम, तांबा, बोरान और सेलेनियम की मौजूदगी भी जरूरी है। गौरतलब है कि कुदरत अपने हिसाब से इन तत्त्वों की भागीदारी तय करती है, पर इंसान की गतिविधियों की वजह से इन सारे तत्त्वों का संतुलन गड़बड़ा गया है। दिलचस्प बात है कि मिट्टी में नाइट्रोजन कार्बनिक रूप में भी रहती है और अकार्बनिक रूप में भी। कार्बनिक पदार्थों के सड़ने से अमोनियम के साथ जीवाणु क्रिया करते हैं और अंततः जीवाणुओं से एंजाइम का निर्माण होता है। दूसरे तत्त्वों की भी अपनी खास भूमिका है। कैल्शियम पौधे के तने को मजबूत करता है, तो फास्फेट फूल और फल के लिए लाभदायक होता है। मैग्नीशियम क्लोरोफिल बनाने की प्रक्रिया में मदद करता है।

हाइड्रोजन और आक्सीजन पौधों को मिट्टी में समाए हुए पानी से मिलता है। इन प्राकृतिक तत्त्वों के आधार पर ही तय होता है कि मिट्टी कैसी है। ज्यादा अम्लता और ज्यादा क्षारीयता, दोनों ही पौधों के लिए नुकसानदायक होते हैं। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल भूमि क्षरण की वजह से पच्चीस लाख टन नाइट्रोजन, तेंतीस लाख टन फास्फोरस और पच्चीस लाख टन पोटाश की क्षति होती है। यदि इस क्षरण को बचा लिया जाए तो हर साल करीब साठ हजार लाख टन मिट्टी की ऊपरी परत बचेगी और इससे हर साल करीब पचपन लाख टन नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की मात्रा बचाई जा सकेगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार किसानों की आय दुगना करने और उन्हें खुशहाल किसान बनाने की बात तो करती है, लेकिन सवाल यह है कि जमीन की घटती उर्वरता को बचाए बगैर क्या यह संभव हो सकता है? केंद्र सरकार की पहल पर मृदा संरक्षण बोर्ड का गठन सन 1953 में हुआ था। तब से लाखों हेक्टेयर भूमि को उर्बर बनाया जा चुका है, लेकिन अभी भी इससे ज्यादा भूमि ऐसी है जिसे उपजाऊ बनाने की जरूरत है। औद्योगिकीकरण, वनीकरण और विकास की दूसरी परियोजनाओं की वजह से जमीन का रकबा भी घटता जा रहा है, साथ ही भूमि का क्षरण भी तेजी से हो रहा है। केंद्र सरकार ने मृदा क्षरण रोकने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाए हैं। इसके अलावा मृदा संरक्षण के दूसरे अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन यदि किसान भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए पहल नहीं करेगा तो ये सारे अभियान सफल नहीं हो पाएंगे।

## व्यापार समाचार

# सरकार ने गेहूं आटे के निर्यात पर 'अंकुश' लगाया

नई दिल्ली।



सरकार ने बृहस्पतिवार को गेहूं आटे के दाम में तेजी पर लगाम लगाने के लिये इसके निर्यात पर अंकुश लगाने का निर्णय किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय किया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल के इस निर्णय से अब गेहूं के आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति होगी। इससे आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगेगा और समाज के सबसे कमजोर तबके के लिये खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय इस बारे में अधिसूचना जारी करेगा। रूस और यूक्रेन गेहूं के प्रमुख निर्यातक हैं। दोनों देशों की वैश्विक गेहूं व्यापार में लगभग एक-चौथाई हिस्सेदारी हैं। दोनों देशों के बीच युद्ध से गेहूं की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। इससे भारतीय गेहूं की मांग बढ़ गई है। इसके कारण घरेलू बाजार में गेहूं के दाम में तेजी देखने को मिली है। सरकार ने देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इससे गेहूं के आटे की विदेशी मांग में उछाल आया। भारत से गेहूं आटे का निर्यात इस साल अप्रैल-जुलाई में सालाना आधार पर 200 प्रतिशत बढ़ा है। बयान के अनुसार, इससे पहले गेहूं के आटे के निर्यात पर रोक या कोई प्रतिबंध नहीं लगाने की नीति थी। ऐसे में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश में गेहूं आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिये इसके निर्यात पर प्रतिबंध/प्रतिबंधों से छूट को वापस लेकर नीति में आंशिक संशोधन की जरूरत थी।

# नारी शक्ति का उपयोग कर देश अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकता : मोदी

तिरुपति ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश नारी शक्ति का सही उपयोग कर 2047 की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकता है। प्रधानमंत्री ने राज्यों के श्रम मंत्रियों और सचिवों के दो दिन के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉफ्रेन्स के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, ''हमें सोचना होगा कि हम अपने महिला कार्यबल के लिये खासकर उभरते क्षेत्रों में और क्या कर सकते हैं। हम काम के लचीले घंटों को अपनाकर नारी शक्ति का अच्छा उपयोग कर सकते हैं। यह भविष्य की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा कि देश पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों का लाभ उठाने में पीछे रह गया। मौजूदा चौथी औद्योगिक क्रांति का लाभ उठाने के लिये हमें त्वरित निर्णय लेने और इसे तेजी से लागू करने की भी जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''दुनिया तेजी से बदल रही है। इसका लाभ लेने के लिये हमें भी उसी गति से तैयार होना होगा।'' ऑनलाइन सेवाओं में वृद्धि का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, ''देश सही नीतियों और प्रयासों से इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा बना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटे एवं मझोले उद्योगों के लिये आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) से 1.5 करोड़ नौकरियां बचाने में मदद मिली।









## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। नौकरी या व्यवसाय में प्रतियोगिता का वातावरण रहेगा। किसी छोटी यात्रा के संयोग खड़े होंगे। भाई-बंधुओं के साथ मेल-जोल बना रहेगा। इससे लाभ भी होगा।

### वृषभ
मन की कमजोर स्थिति महत्वपूर्ण अवसरों से आपको दूर कर सकती है। आज नए काम का आरंभ करना उचित नहीं है। बातचीत में आपका लापरवाही पूर्ण व्यवहार संघर्ष खड़ा करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

### मिथुन
आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों-स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा।

### कर्क
परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद होने की संभावना है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे।

### कन्या
नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

### तुला
व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

### वृश्चिक
वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। आध्यात्मिक साधना के लिए समय अच्छा है।

### धनु
पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात सुखद रहेगा। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ
आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

### मीन
शारीरिक-मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे। धन और कीर्ति की हानि होगी।

# कुचामन में बस स्टैण्ड के पास रिंग रोड पर 63 बीघा भूमि पर बनेगा विशाल खेल स्टेडियम

## कुचामनसिटी में मेजर ध्यानचंद खेल स्टेडियम के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी कुचामनसिटी में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजनान्तर्गत 63 बीघा भूमि खेल मैदान हेतु आंवटित हुई है। शहर में काफी समय से खेल मैदान की आवश्यकता महसूस हो रही थी और शिक्षा नगरी कुचामन सिटी के लोगों द्वारा भी मांग की जा रही थी कि कुचामन शहर में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्यन करते है, जिनको खेल मैदान की आवश्यकता है। यदि कुचामन शहर में एक बड़ा खेल मैदान बन जाये तो यहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं व खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक उचित स्थान मिल जाये। छात्र-छात्राओं व आमजन की मांग को विशेष ध्यान में रखते हुए स्थानीय विधायक महेन्द्र चौधरी के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2021-22 में कुचामन में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम योजनान्तर्गत एक बड़े खेल मैदान बनाने की घोषणा की गयी। घोषणा की क्रियान्वति के लिए उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी द्वारा 24 अगस्त को नये बस स्टेण्ड के पास स्थित रिंग रोड़ पर 10 हैक्टयर अर्थात् 63 बीघा भूमि का आवंटन खेल मैदान के लिए किया गया है।

### शीघ्र शुरू होगा कार्य

खेल मैदान को विकसित करने के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 1 करोड़ 50 लाख रूपये की वित्तिय स्वीकृति भी जारी कर दी गयी। खेल मैदान विकसित करने के हेतु शीघ्र ही कार्य शुरू करने के लिए अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग कुचामनसिटी को निर्देशित कर दिया गया है, जिससे शीघ्र की कार्य शुरू हो जायेगा। खेल मैदान विकसित होने के बाद अब यहां के छात्र-छात्राओं व खेल प्रेमियों को खेलों की तैयारी कर अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सकेगा।

# विधायक बावरी ने पीएचसी भवन का किया शिलान्यास

## 2 करोड़ 25 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक चिकित्सा भवन



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम फरडोद में विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के भवन का शिलान्यास कर नींव का शुभारंभ किया। भामाशाहों द्वारा दी गई जमीन पर करीब 2 करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाले चिकित्सा भवन से फरड़ोद सहित आसपास के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कार्यक्रम में विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल ने कहा कि राज्य में आमजन को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। आमजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन तक अधिक से अधिक पहुंचे जिससे जनता को लाभ मिल सके। इस दौरान विधायक डॉ. मेघवाल ने समीपवर्ती ग्राम छावटाकला में राजकीय माध्यमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत होने पर उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को कहा गया। विधायक ने 29 अगस्त को होने वाले ओलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने का आहान किया। इस दौरान पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़, सीबीईओ गजाधर प्रसाद शर्मा, सरपंच मंजू फरडोदा, टाँगला सरपंच इंद्रा देवी, पंचायत समिति सदस्य सांवताराम, शिवराज गोड़, बीसीएमओ डॉ. गणेश भगवान आसोपा, उमररदीन छिपा, पृथ्वीराज भादू, प्रभुराम फरडोदा आदि मौजूद रहे।

# चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एक्शन

## 4 बीएलओ व 3 पर्यवेक्षकों को थमाए नोटिस

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में मतदाता सूचि में विवरण को जोड़ने और प्रमाणिकरण के लिए स्वैच्छिक आधार पर मतदाताओं से आधार डाटा का संग्रहण करना अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र लाडनूं के समस्त बीएलओं को आधार पंजीयन हेतु घर-घर सर्वे कर मतदाताओं का आधार पंजीयन हेतु निर्देश दिये हुए हैं। मगर इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रति गैर जिम्मेदार बीएलओ व पर्यवेक्षको के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

### इन बीएलओ को थमाए नोटिस

निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि भाग संख्या 17 के बूथ लेवल अधिकारी अभिनन्दन शर्मा अध्यापक राप्रावि पाडोलाई नाडी, भाग संख्या 36 के बीएलओ जगदीश प्रसाद अध्यापक केसर देवी राउमावि लाडनूं, भाग संख्या 160 के बीएलओ भंवरदान शिक्षक राउमावि सांवराद एवं बीएलओं भाग संख्या 186 श्रवणराम अध्यापक राउप्रावि तिलोटी द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध कम प्रगति उपलब्ध किये जाने एवं चुनाव कार्यों के प्रति लापरवाही व उदासीनता बरते जाने के कारण इनके विरूद्ध 17 सीसीए के नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही अमल में लाई गई। इसके साथ ही संबंधित पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार व्याख्याता जौहरी राउमावि लाडनूं, तारेष शर्मा व्याख्याता सुरजमल भुतोड़िया राबाउमावि लाडनूं एवं दिनेश पुरी व्याख्याता राउमावि सांवराद को अधीनस्थ बीएलओं की मॉनिटरिंग नहीं करने तथा चुनाव कार्य में लापरवाही बरते जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

### इनका कहना है

'भविष्य में यदि कोई अधिकारी या अन्य कार्मिकों द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।'

**अनिल कुमार गढ़वाल, एसडीएम लाडनूँ**

डीडवाना छात्रसंघ चुनाव

# फर्जी फीस रशीद को लेकर जबरदस्त हंगामा

## एबीवीपी के बाद भीम सेना भी नारेबाजी करते हुए मैदान में कूदे

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को छात्रसंघ के लिए मतदान होना है। इससे पूर्व गुरुवार को प्रातः 11 बजे के आसपास फर्जी फीस रशीद को लेकर जबरदस्त हंगामा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुशार दो-तीन दिन पहले छात्र संघ एसएफआई के पूर्व अध्यक्ष जदगीश गोदारा ने एक छात्रा के हवाले से एक वीडियो बयान जारी कर बताया कि एक ईमित्र पर फर्जी रशीद काटकर फर्जी मतदाता तैयार किये जा रहे है जिसमे उन्होंने नाम लिए बिना एक छात्र संगठन पर आरोप लगाए उसके बाद गुरुवार को एनएसयूआई प्रत्याशी अपने समर्थकों सहित महाविद्यालय के द्वार पर धरने पर बैठ गया एंव कॉलेज प्रशासन पर चुप्पी का आरोप लगाए हुए जबरदस्त नारेबाजी की। एनएसयूआई के कार्यकर्ता नारेबाजी कर ही रहे थे कि अचानक पहले एबीवीपी एंव बाद में भीम सेना भी नारेबाजी करते हुए मैदान में कूद गए। तीनों संगठनों के सैंकड़ों छात्र हो-हल्ला करते हुए महाविद्यालय जे अंदर हॉल तक पहुंच गए, जहाँ प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने उन्हें समझाने के भरसक प्रयास किये परन्तु छात्र नहीं माने। उसी दौरान मामला बढ़ते देख कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को बुलाया तो स्वयं वृत निरीक्षक राजेश डूडी मौके पर पहुंचे।

### छात्र नेताओं को भिजवाया थाने

पुलिस के पहुंचते ही एक बारगी भगदड़ मच गई वंही कुछ छात्र नेताओं को पुलिस ने डिटेन कर थाने भिजवा दिया । छात्रों की नारेबाजी के बीच पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर छात्रों को खदेड़ दिया। जानकारी के अनुशार एक ईमित्र पर आरोप है कि वो फर्जी तरीके से छात्रों से पैसे लेकर रशीद दे रहा, जिसके बाद महाविद्यालय में मतदाता बढ़ सकते है जबकि महा विद्यालय का कहना है कि कुल मतदाता 4046 है। अब किसी प्रकार के मतदाता नहीं बढ़ सकते एवं जिस फर्जी रशीद का जिक्र किया जा रहा है वो मामला पूर्ण रुप से बाहरी है, जिसका महाविद्यालय से कोई लेना देना नहीं है। बहरहाल मतदान शुक्रवार को होना है। ऐसे में छात्र संगठनों का ऐसा उग्र प्रदर्शन किसी सोची समझी रणनीति का हिस्सा भी हो सकती है। वंही एक छात्र संगठन के शहर भर में लगे होर्डिंग्स भी चर्चा का विषय है कि आखिर प्रशासन ने इस ओर अब तक ध्यान क्यों नही दिया।

# जन्म से पांच वर्ष के सभी बालक-बालिकाओं को दी जाएगी पोलियो की खुराक : जिला कलक्टर

जयपुर।

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने 18 सितम्बर 2022 को आयोजित होने वाला उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के अन्तर्गत जन्म से पांच वर्ष के सभी बालक-बालिकाओं को पोलियो की खुराक पिलाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर गुरूवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय, बीसीएमएचओ से एजेण्डावार चर्चा की।

# नगरपालिका में स्वच्छता सैनिकों का हुआ सम्मान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर )** गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका कार्यालय सभागार में अध्यक्ष रावत खान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लंपी स्कीन डिजीज महामारी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सैनिकों का सम्मान कर उनकी हौसला अफजाई की गई। बैठक का आरंभ नगरपालिका अध्यक्ष रावत खान द्वारा डॉ. सुरेन्द्र भास्कर का माला व साफा पहनाकर स्वागत करते हुए किया गया। खान ने उपस्थित सभी सदस्य एंव जन सेवकों का लम्पी स्किन जैसी प्राकृति आपदा में नगरपालिका के साथ सक्रिय भागीदारी निभाने पर आभार जताया एवं सभी शहरवासियों से गाय को इस महामारी से बचाने एवं उनके मृत शरीर को विधिवत तीन घण्टो के भीतर दफनाने में भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यवाहक अधिशाषी अधिशाषी अधिकारी डॉ. भास्कर ने सभी कर्मचारियों को मृत पशुओं की सूचना मिलते ही उनको उठाकर शीघ्र निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षदगणों की उपस्थिति में मृत पशुओं के विधिवत निस्तारण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले नगरपालिका के स्वच्छता सैनिकों का माल्यापर्ण कर स्वागत एंव सम्मान किया गया। इस पर डॉ.

# परबतसर के मारवाड़ हॉस्पिटल को मिला एन.ए.बी.एच. प्रमाण पत्र

## अस्पताल को पैरामीटर पर परखने के बाद क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने दी मान्यता

जुगल किशोर शर्मा




**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर के मारवाड़ हॉस्पिटल को भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च क्वालिटी कंट्रोल संस्थान क्यूसीआई से संबंध एवं एनएबीएच प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। मारवाड़ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सोहन चौधरी ने बताया कि 1 साल से इसका प्रोसेस चल रहा था, जिसके तहत अस्पताल को एनएबीएच की सर्टिफिकेशन के लिए तय क्वालिटी, पैरामीटर की शर्तों के मुताबिक तैयार किया गया। इसके बाद क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम ने निरीक्षण किया। जब सब कुछ सही पाया गया और टीम ने अपनी रिपोर्ट में संतुष्टि जताई तो उस के बाद अब जाकर अस्पताल को मान्यता मिली है। हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर सुधीर चौधरी ने बताया कि इस प्रमाण पत्र को हासिल करने के लिए अस्पताल को काफी जटिल व लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा है, जिसने मरीजों को उच्च स्तरीय गुणवत्ता पूर्वक सेवाएं, अस्पताल में साफ सफाई, हाइजीन मेडिकल कचरा निस्तारण, अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं, अस्पताल द्वारा मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड संधारण, अस्पताल कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं सहित इमरजेंसी सेवाएं, उच्च स्तरीय तकनीक द्वारा इलाज व मरीजों को इलाज के बाद अस्पताल से संतुष्टि सहित विभिन्न पहलुओं को जांच परखकर यह प्रमाण पत्र दिया जाता है। प्रशासक डॉ. बी.आर. रूलानिया ने बताया कि परबतसर तहसील का पहला अस्पताल है, जिसे यह मान्यता मिली है। यह मान्यता हासिल करना बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग और पैरामेडिकल समेत समूचे स्टॉफ की मेहनत की बदौलत यह चुनौती पूरी हो पाई है। अस्पताल के स्टॉफ के साथ एन.ए.बी.एच सर्टिफिकेट दिखाते डॉक्टर सुधीर चौधरी, डॉक्टर रितू सैनी, डॉक्टर बीआर रुलानिया, डॉक्टर मुदित सिन्हा एवं हॉस्पिटल स्टॉफ मौजूद रहा।

# 72वीं बास्केटबॉल चेम्पियनशिप 2 से, समितियों का गठन

## प्रदेश भर से आएगी 55 टीमें

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** डीडवाना खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का त्रिवेणी संगम है। यहां पर हमने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन भी करवाया है तो बास्केटबॉल के अलावा अन्य खेलों के आयोजन भी होते रहे है, हमें इस बार भी अपनी क्षमताओं का सदुपयोग करके इस प्रतियोगिता आयोजन को सफल बनाना है।

आगामी दो से पांच सितंबर तक 72वीं राज्य स्तरीय सीनियर (महिला/पुरुष) बास्केटबॉल प्रतियोगिता खेल नगरी डीडवाना में होने जा रही है। गुरुवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय टेनिस कोर्ट पर नागौर जिला बास्केटबॉल संघ व श्रीकांत क्लब की एक आवश्यक बैठक राजस्थान बास्केटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि डीडवाना प्रदेश भर में खेल और खिलाड़ियों के लिए अपना अलग मुकाम स्थापित कर चुका है। अब तो भारतीय बास्केटबॉल भी चयनित अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में राजस्थान को लेकर काफी गम्भीर है क्यों कि हमारे यहां वर्ष पर्यंत मैदान भरे रहते है उसकी का परिणाम है कि हम निरंतर बेहतर करते जा रहे है।

**समितियों का किया गठन :** बैठक में प्रतियोगिता को सफल आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन किया गया, जिसमें स्वागत समिति गुमान सिंह, हासम खान, नईमुद्दीन, बजरंग पँवार, विक्रम पँवार, पप्पू, जनार्दन गोड, बृह्म देव, मनमोहन, आवास व्यवस्था समिति तारेश कुमार, अनंत शर्मा, अमजद एच पठान, सत्यनारायण शर्मा, हनुवंत, भोजन व्यवस्था विवेक रंजन सिंह, एम एल उपाध्याय, पीयूष द्विवेदी, मैदान व्यवस्था समिति अशोक शर्मा, शकीला परिहार खान, प्रदीप कुमार, गुलाब कच्छावा, केपी सिंह, मंच व माइक समिति एडवोकेट वीपी सिंह, मान सिंह, हरेंद्र डुडी, महेंद्र पँवार, पेयजल/विद्युत व्यवस्था देवेश त्रिपाठी, शंकर सैनी, असलम खान, देवेंद्र सिंह, वाहन व्यवस्था मुत्तलिब कोटवाल, मोनू शर्मा, नवीन सैनी, मीडिया एंव प्रचार अबरार अली बेरी, बैनर/प्रिटिंग/होर्डिंग समिति अकरम खाँ एंव कार्यालय प्रभारी डॉ. गणेश सैनी, सुरेश मारोठिया व बनवारी मोट को बनाया गया है। बैठक में सुरेश वर्मा, रमेश वर्मा, राम चन्द्र तापड़िया, नरपत सिंह उपस्थित रहे।

# युवाओं ने गोसेवा की ली जिम्मेदारी



पुखराज तानाण

**बड़ीखाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम पींडिया में दीप ज्योति गौशाला में इन दिनों चल रही लंपी स्किन बीमारी से ग्रस्त पशुओं के इलाज की जिम्मेदारी युवा बखूबी निभा रहे है।

पीड़ित गोवंश के उपचार के लिए संपूर्ण पंचायत में सदैव तत्पर रहकर पशुधन सहायक मुकेश रोज नियमित सेवाएं दे रहें है। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश मकवाना ने बताया की ग्रामीण इस सकंट की घड़ी में गोवंश को बचाने में तन मन धन से सहयोग कर रहे है। प्राइवेट प्रेक्टिश्नर धीरूराम भी हमारी पंचायत में नियमित सेवाएं दे रहे है। मुकेश चौधरी ने बताया की रोजाना आयुर्वेदिक तरीके बनाई गई लापसी नियमित रूप से खिला रहे है।

इस दौरान बाबू कड़वा, राकेश शर्मा, राजेश मेहरा, शिवरतन जांगिड़, किशनसिंह, बलराम, चंदाराम गौरा, जवानाराम, अमित, मनीष गुर्जर आदि मौजूद रहते है।

# नायक समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## पोर्टल पर त्रुटि सुधार करने की मांग की



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नायक अनुसूचित जनजाति विकास संस्थान राजस्थान के बैनर तले भोमराज नायक की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नाम लाडनू उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में अनुसूचित जाति और जन जातियों कि सारी सुविधाएं नायक समाज को देने की मांग की गई है। ज्ञापन के अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी द्वारा मनमाने तरीके से नायक शब्द से छेड़छाड़ करते हुए पोर्टल पर नायका दर्ज कर दिया गया जबकि जनजाति कार्यालय मंत्रालय द्वारा बार-बार इसे नायक बता कर पत्र भेजा जा रहा है कि नायक को नायका नहीं बनाया जा सकता क्योंकि यह नायकड़ा ग्रुप की जाति है जो कि राजपूताना तथा मुंबई राज्य में नायक नाम से जानी जाती थी। उन राजपूताना में नायक जाति की जनगणना नायका से की गई थी। मगर इसे जबरदस्ती नायका बनाया जा रहा है जो प्रकृति के न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है।

ज्ञापन के द्वारा नायक समाज के लोगों ने अनुसूचित जनजाति की समस्त सुविधाएं इस समाज को दिलवाने एवं पोर्टल पर नायका से नायक शब्द करवाने की मांग की गई है। इस मौके पर श्याम सुंदर, लूणाराम, नानूराम, दिनेश, राजेंद्र, छोटू, पप्पू राम, भोमाराम, गोपी राम, वीरेंद्र , बजरंग, नरपत, दिलीप आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

# शहर के सेवाभावी लोग लॉयन्स क्लब नावां के सदस्य बने

## फेलोशिप के साथ सेवा ही लॉयन्स क्लब का उद्देश्य है




**नावांसिटी(नागौर डेली न्यूज) :** लॉयन्स क्लब नावां द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से प्रेरित होकर शहर के सेवाभावी लोग क्लब परिवार से जुड़े।

लॉयन्स क्लब के पूर्व संभागीय अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने राजेश गुर्जर, प्रकाश योगी, राजेश गोयल, नागेंद्र चौधरी, गणपत टाक, सीताराम जांगिड़ को लॉयन्स क्लब नावां के नए सदस्य के रूप में शपथ दिलाते हुए कहा विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन लॉयन्स क्लब का सदस्य होना निश्चित रूप से गर्व की बात है। इस संगठन के 14 लाख से अधिक सदस्य दुनिया के 200 से अधिक देशों में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ पीड़ित मानव सेवार्थ कार्य कर रहे है तथा फेलोशिप के साथ सेवा ही लॉयन्स क्लब का उद्देश्य है।

क्लब अध्यक्ष लॉयन कुसुम लढ़ा, सचिव लॉयन संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लॉयन प्रियंका बियाणी, लॉयन लक्की गौड़, लॉयन भानुश्री गौड़, लॉयन मूलचंद लढ़ा, लॉयन संतोष लढ़ा, लॉयन मनीष व्यास, लॉयन कैलाश लढ़ा, लॉयन मोहन कुमावत एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना ने सभी नए सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर एवं लॉयन पिन लगाकर अभिनंदन किया। लॉयन कुसुम लढ़ा ने कहा सेवाभावी सदस्यों के जुड़ने पर निश्चित रूप से क्लब को ओर अधिक सेवा कार्य करने की ऊर्जा मिलेगी।

इस दौरान प्रान्त द्वारा आयोजित श्री कृष्ण झांकी प्रतियोगिता में लॉयन भानुश्री गौड़ को प्रांतीय स्तर द्वितीय स्थान मिलने पर लॉयन राम काबरा ने एप्रिसिएशन मेडल प्रदान कर सम्मानित किया एवं क्लब सदस्यों ने माला एवं साफा पहनाकर खुशी जताई।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित ड्राइवर खान में गिरा, दो लोगों की मौत

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना में मार्बल खनन क्षेत्र के कालानाडा रेंज में गुरुवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। कालानाड़ा चौराहा से चावंडिया की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक खान के पास सेफ्टी दीवार सहित रास्ता खान में समाहित हो गया। रास्ते में से गुजर रहा एक ट्रैक्टर ड्राइवर सहित व दीवार के पास एक मजदूर भी चल रहा था ट्रैक्टर और ट्रॉली की चपेट में आकर खान में गिर गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में मलबे के नीचे दबने से दोनों की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही रीको एरिया मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष भागूराम आंवला और पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। उपखंड अधिकारी जेपी बेरवा ने सफाई निरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद के एक दल को बचाव कार्य में लगाया। वहीं पास की खानों में मौजूद लोगों ने राहत कार्य चलाया।

जानकारी अनुसार एरिया निवासी रामदेव लोहार पुत्र भंवरराम उम्र 30 वर्ष ट्रैक्टर लेकर जा रहा था जबकि ओमाराम लोहार उम्र 35 वर्ष पैदल जा रहा था।

इस दौरान ट्रैक्टर के टायर के पास खान की तरफ जमीन धंस गई और ट्रैक्टर सहित ड्राइवर भी खान में गिर गया और राहगीर ओमाराम ट्रैक्टर और ट्रॉली की चपेट में आकर खान में गिर गया और दोनो ट्रेक्टर और मलबे के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

# गौ-भक्तों ने मूंडवा से नागौर तक पदयात्रा कर सौंपा ज्ञापन

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेश में फैल रही लम्पी बीमारी की प्रभावी रोकथाम के लिए सरकार का ध्यान दिलाने के गौ भक्तों का एक जत्था गुरूवार सुबह 8 बजे यहां से रवाना हुआ। यह जत्था नागौर जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। इस जत्थे को यहां लाखोलाव तालाब स्थित श्रीलक्ष्मीनृसिंह मंदिर के महंत गौभक्त रामनुजाचार्य स्वामी ने रवाना किया।

इस दौरान यहां बड़ी संख्या में गौभक्त एकत्र हुए। यह जत्था लाखोलाव से रवाना होकर चौसला चौक, सदर बाजार, भट्टड़ों का चौक, मदिना मस्जिद, पंजाबी बाबा की प्याऊ से होता नागौर के लिए निकला। इस जत्थे में रास्ते में खेंण, ईनाणा, भागनाडा, अठियासन के भी गौभक्त रास्ते में सम्मिलित होते गए। आगे यह जत्था मूंडवा चौराहा से नागौर कलेक्टर कार्यालय तक जाकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**यह है प्रमुख मांगे :** मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार से प्रमुख रूप से पांच मांगे की गई है। इनमें लम्पी बीमारी की प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक दवा और टीके प्रचुर मात्रा में हर गांव तक उपलब्ध करवाये जावे। बीमारी की प्रभावी रोकथाम के लिए संविदा पर पशु चिकित्सको, पशुधन सहायकों की तुरंत भर्ती करने, जिन पशु पालकों किसानों का पशुधन लम्पी से मारा जाता है उनको तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जावे। कोरोना महामारी की तरह लम्पी से प्रभावित पशुधन के लिए अलग से क्वारेंटाईन सेंटर खोलने मृत पशुओं के तुरंत और प्रभावी निस्तारण की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

**यह सम्मिलित हुए जत्थे :** मूंडवा से नागौर पैदल जाने वाले जत्थ में भाजपा किसाना मोर्चा के प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शर्मा, रालोपा नेता सुभाष कंदोई, समाज सेवी श्यामसुंदर कंदोई, भंवरलाल मुंडेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश वैष्णव, राजेन्द्र गेपाला, रामावअतार भट्टड़, गरीबराम, मनीष मुंडेल, प्रदीप रांकावत, रामनिवास राव, ओमप्रकाश मुंडेल, पुखराज राव, प्रदीप रांकावत, मनोज गौड़, रवि शर्मा, विनोद गौड़ सहित अनेक गौ भक्त सम्मिलित हुए।

# आक्रोशित सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** सरपंच संघ के लिखित समझौते वादाखिलाफी एवं मांग पत्र पर आदेश जारी नहीं करने से आक्रोशित सरपंच संघ के आंदोलन के संबंध में विकास अधिकारी को राज्यपाल के नाम सौपा। सरपंच संघ अध्यक्ष मौलासर श्रवणराम बिजारणिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत राज विभाग एवं सरकार के द्वारा सरपंच संघ से पंचायत राज मंत्री के साथ 21 मार्च को मांग पत्र पर समझौता किया गया था, लेकिन सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बार-बार निवेदन के बाद भी जिन मांगों पर सहमति बन गई थी, उनके आदेश भी जारी नहीं किए जा रहे हैं। नागौर दौरे पर रहे पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा के द्वारा नरेगा में लगाये गये अनियमिततायें एवं घोटालों के आरोपों के कारण सरपंच संघ ने आहत होकर 5 अगस्त से 7 अगस्त तक जयपुर में महापड़ाव किया साथ ही समस्त कार्यों का बहिष्कार आंदोलन जारी है। वहीं नागौर जिला सरपंच संघ उपाध्यक्ष जोगेंद्र बलारा ने ज्ञापन में कहा कि सरकार के साथ वार्ता भी हुई परंतु मुख्यमंत्री से वार्ता करा कर मुख्य मांगों पर निर्णय होना बाकी है। मांगों पर अभी तक कोई वार्ता या निर्णय नहीं हो पाया है, जिसे लेकर सरपंच संघ सरकार का ध्यान आकर्षण करने हेतु आंदोलन के अग्रिम चरणों अनुसार निर्णय किया गया है। सरपंच संघ के मांग पत्र पर सकारात्मक आदेश जारी करवाने की बात कही। वहीं सरपंच संघ द्वारा किए जाने वाले आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। विकास अधिकारी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नागौर सरपंच संघ उपाध्यक्ष जोगेंद्र बलारा, सचिव गिरधारीलाल माहिच, आकोदा सरपंच त्रिलोक सिंह, बेगसर सरपंच प्रतिनिधि दुर्ग सिंह सहित अनेक सरपंच मौजूद रहे।

# डेगाना कॉलेज में मतदान आज, 823 छात्र-छात्राएं करेंगे मताधिकार का प्रयोग

## अध्यक्ष पद के लिए वंश, संजय व अंजू के बीच होगा त्रिकोणीय मुकाबला

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के राजकीय कॉलेज में छात्र संघ के चुनावों के लिए शुक्रवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा। मुख्य चुनाव प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिसोदिया ने बताया कि मतदान को लेकर कुल 3 बूथ बनाये गए है। इसमें प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए अलग अलग बूथ बनाएं गए है। 823 छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान किया जाएगा। राजकीय कॉलेज में आज सुबह से शुरू होने वाले मतदान को लेकर कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस दौरान चुनाव प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिसोदिया व प्राचार्य डॉ. संजय भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदान के दौरान ड्यूटी पर लगने वाले कर्मचारियों को छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया, नियमों सहित जानकारी दी गई। साथ ही छात्रसंघ चुनावों को शांति से करवाने के लिए आव्हन किया गया। इस दौरान अध्यापक धन्ना राम टाडा, बजरंग लाल सोहु, माया देवी सहित स्टॉफ को टर्निंग दी। डेगाना कॉलेज छात्र संघ चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए एनएसयूआई की ओर से अधिकृत प्रत्यासी वंश शर्मा का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार संजय काला व निर्दलीय उम्मीदवार अंजू देवी मेघवाल से होगा। उन्होंने बताया की कल 27 अगस्त को सुबह 10 बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित विजेताओं के पद एंव गोपनीयता की शपथ दिलाई जायेगी।

**प्रत्याशियों ने झोंकी प्रचार में ताकत :** राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को होने वाले छात्र संघ चुनावों को लेकर प्रचार के अन्तिम दिन प्रत्यासियों अपनी पूरी ताकत झोंक दी। गांव-गांव ही नहीं खेतों में भी जाकर मतदाताओं से सम्पर्क किया ओर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। गुरूवार को एनएसयूआई की ओर से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले वंश शर्मा ने अनेकों गांवों में जाकर मतदाताओं से सम्पर्क किया तथा अपने खेतों मे कृषि कार्य कर रहे छात्र मतदाताओं से सम्पर्क कर वोट मांगे ओर उनके परिजनों के पांव छूकर आशिर्वाद लया। अध्यक्ष पद के दावेदार वंश शर्मा ने सभी मतदाताओं से मतदान मे भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। इसी के साथ पैनल के दूसरे प्रत्याशियों ने भी प्रचार कर वोट मांगें। चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय प्रत्यासी संजय काला ओर अंजू मेघवाल ने भी अपने समर्थकों के साथ प्रचार में पूरी जान फूंक दी। आज मतदान होगा तथा कल मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किये जायेंगे।

# बकायादारों पर डिस्कॉम ने कसा शिकंजा



### पांच हजार से ज्यादा बकायेदारों के काटे कनेक्शन

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता डिस्कॉम की ओर से चलाए जा रहे बकाया दारू के खिलाफ विशेष अभियान के तहत 17 उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर से कनैक्शन हटाने की कार्यवाही की तथा पांच लाख सोलह हजार रुपए की जुर्माना राशि भी वसूली गई। डिस्कॉम के सहायक अभियंता मेड़ता शहर के कैलाश चंद ने बताया कि अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता प्रवीण मेहरिया, परमा राम गुर्जर, सुखदेव, जितेंद्र, राजेश, अमित, रामराज व हरिराम की टीम द्वारा 5000 से अधिक बकाया राशि वाले 17 उपभोक्ताओं के बिजली के कनैक्शन काटने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि गठित की गई इस विशेष टीम ने बकायेदारों से बकाया राशि व जुर्माना सहित पांच लाख सोलह हजार छियत्तर रुपए की वसूली भी की। टीम की ओर से देर शाम तक कार्यवाही जारी रही। डिस्कॉम के अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता दल की ओर से भी बिजली चोरी करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी दिनों तक जारी रहेगा।

# जन-प्रतिनिधि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारें


शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** प्रशासन शहरों के संघ अभियान के तहत गुरूवार को नगरपालिका मंडल डेगाना द्वारा शहर के वार्ड 7 व 8 के गौरेडी करणा मे शिविर का आयोजन किया। शिविर में अजमेर संभाग के प्रयवेक्षक भंवरसिंह चारण ने वार्डवासीयों को सरकार की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारें मे बताया। अधिषाशी अधिकारी सुनील चोधरी ने बताया की शिविर के दोरान लोगो की जन समस्याओं को सुना गया। तथा इस अवसर पर पालिका द्वारा बनाये गये 40 परिवारों को आवासिय पट्टे वितरित किये। शिविर के दौरान संभाग प्रयवेक्षक चारण ने पार्षदों की बैठक ली ओर आवश्यक निर्देश दिये। चारण ने कहा की जन प्रतिनिधि अपने वार्ड मे सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को अवगत करवा कर पात्र परिवारों एंव व्यक्तियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा की सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर सही मायने मे धरातल पर उतारने से ही सरकार का मकसद पुरा होगा। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी, पंकज गढवाल, संभाग प्रभारी भंवरसिंह चारण, ईओ सुनील चोधरी, आरआई जीतेन्द्र खिचड़, लिपिक कमलेश, विजेन्द्र कस्वां, पार्षद प्रकाश कूकंणा ओर नंदसिंह, मंशीराम खिलेरी सहित शहरवासी ओर वार्ड के लोग मोजूद रहे।

# हरसौर में जश्न-ए-शौहदाए करबला कॉन्फ्रेंस आयोजित

### -हरसोर की सर-जमीन पर पहली बार तशरीफ लाए मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज )।** ईदगाह मस्जिद हरसौर बाईपास रोड पर जश्न-ए-शौहदाए करबला (कॉन्फ्रेंस) मिलाद का जलसा आयोजित हुआ। शहीदाने करबला हजरत इमाम हुसैन की याद में आयोजित कॉन्फ्रेंस में हरसोर की सर जमीन पर महाराष्ट्र के मालेगांव से सुन्नी दावते इस्लामी की निगरा हजरत सय्यद अमीनुल कादरी साहब पहली बार तशरीफ लाए। पाली से कारी शरीफ साहब और गुजरात के हिम्मतनगर से मोइनुद्दीन साहब आए। हजरत सय्यद अमीनुल कादरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भूमिका निभाई। अमीनुल कादरी साहब के जोरदार बयान हुऐ उन्होंने इस्लाम धर्म की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस्लाम धर्म पाक़ीज़ा अर्थ साफ सफाई का धर्म है। अगर आपका पड़ोसी भूखा है तो आप अगर खाना खा रहे हैं इस्लाम धर्म इसका इसकी अनुमति भी नहीं देता। इस्लाम धर्म एक-दूसरे की मदद करना सच बोलना और भाईचारे का प्रतीक है। इस्लाम धर्म में माफ करने वाले को पुण्य मिलता है। उन्होंने हिंदुस्तान में अमन चैन और प्रेम भाई चारे की दुआ की। बुलबुले शायरी इस्लाम कारी शरीफ साहब पाली व मोइनुद्दीन मुस्तजाब गुजरात ने नाते पाक पढ़ी। प्रोग्राम में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। प्रोग्राम तकरीबन रात 3 बजे तक चला पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। प्रोग्राम-ए-आर के फाउंडेशन की ओर से रखा गया, जिसमें कमेटी के मेंबरों ने सहयोग किया।

# सरपंच व ग्रामविकास अधिकारियों ने दिया धरना

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर की शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को पंचायत समिति के सामने सरपंचगणों एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों का विरोध जताया। इस दौरान उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया गया कि 25 व 26 अगस्त को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर विरोध जताया जाएगा। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अनुसार सरकार की वादा खिलाफी के चलते आक्रोश आंदोलन चतुर्थ चरण के तहत पंचायत समिति स्तर पर 25 अगस्त से 26 अगस्त तक 2 दिनों के लिए सामूहिक अवकाश की मांग की गई है। इसके लिए समस्त ग्राम विकास अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

# सोलायां सरपंच पर फर्जी सील, साइन व लेटर हेड काम में लेने का मामला दर्ज

## कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बनाया अनापत्ति प्रमाण पत्र

### मिलीभगत व धोखाधड़ी से करवाया आवंटन

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत श्यामगढ़ के सरपंच आनंदीलाल बाजिया ने सोलायां सरपंच सुमन देवी पत्नी भागीरथ चौधरी पर मारोठ पुलिस थाना में फोर ट्वेन्टी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करवाया। शामगढ़ सरपंच आनंदीलाल बाजिया ने नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के समक्ष पेश होकर एक रिपोर्ट पेश की जिसमें बताया कि सोलाया सरपंच सुमन देवी पत्नी भागीरथ चौधरी ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करते हुए फर्जी सील साइन व लेटर हेड बनाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार किया जिसके आधार पर राजस्व विभाग के कार्मिक सहित तहसीलदार ,उपखंड अधिकारी से

### श्यामगढ़ सरपंच ने सोलाया सरपंच पर कई धाराओं में कराया

मिलीभगत करके श्यामगढ़ पंचायत की एक हेक्टेयर जमीन को सोलाया पंचायत में श्मशान भूमि आवंटन करवा ली। श्यामगढ़ पंचायत सरपंच आनंदीलाल बाजिया ने बताया कि कूट रचित दस्तावेज व फर्जी सील साइन करके धोखाधड़ी पूर्वक भूमि आवंटन को लेकर मारोठ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए बार बार चक्कर लगाए लेकिन मारोठ थाना अधिकारी खेता राम ने मामला दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा मजबूरन पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के समक्ष पेश होकर अपनी पीड़ा बताई जिसको लेकर मारोठ पुलिस थाना में धारा 420, 467, 468 ,471 मैं सरपंच सुमन देवी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

# भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के पापों का होता है विनाश

## परेवड़ी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

धनसुख सैनी



**जिलिया( नागौर डेली )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत परेवड़ी में सती ताज कंवर माता के मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

इससे पूर्व गांव के मुख्य चौक में स्थित ठाकुरजी महाराज के मंदिर में मगनसिंह राठौड़ धर्मपत्नी सुमन कंवर के मुख्य यजमान के तत्वाधान में कथा वाचक पंडित रामनयन आचार्य के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया इस दौरान कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पँहुची। वही कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। कथा वाचक पंडित आचार्य ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कलश यात्रा में में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। कथा के पहले दिन कथावाचक पंडित आचार्य ने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### गौवंशीय पशुओं में लम्पी रोग से बचाव हेतु 1 लाख 89 हजार पशुओं में टीकाकरण : कटारिया

**जयपुर।** पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि कि राज्य सरकार गौवंशीय पशुओं के प्रति सजगता एवं संवेदनशीलता बरतते हुए रोग नियंत्रण के सभी संभावित उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग को रोग की जानकारी मिलते ही इसे मिशन मोड पर लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। कटारिया ने बताया कि हमें इस चुनौति से निपटने लिए ओर मुश्तैदी से काम करना है, ताकि पशुपालकों का नुकसान नही हो। उन्होंने कहा कि राजस्थान की परम्परा रही है कि किसी भी प्रकार आपदा के समय जन प्रतिनिधिगण, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग मिलता रहा है, और आगे भी मिलता रहेगा।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com